





**नवभारत**
भोपाल, बुधवार ,07 जनवरी, 2026


**एक नजर में**



### विधिक साक्षरता शिविर में समझाई डिजीटल प्रणाली

**आष्टा.** तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष द्वितीय जिला विजय डांगी के मार्गदर्शन में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती ऋचा शर्मा द्वारा शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में श्रीमती शर्मा द्वारा बालिकाओं को सायबर सुरक्षा के विषय में जानकारी दी गई. उन्होंने बताया कि जिस गति से डिजीटल दुनिया का विस्तार हुआ है उसने हमारे जीवन को आसान तो बनाया है परंतु इसके साथ ही नए प्रकार के खतरों को भी जन्म दिया है. जिनसे हमें सतर्क रहना रहना चाहिए. शिविर में शिक्षकगण, छात्राएं उपस्थित रहीं.




### नप ने महाअभियान के तहत की सड़कों व नालियों की सफाई

**बुधनी.** नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को चलाए जा रहे स्वच्छता महा अभियान के दौरान वार्ड 11 बेरखेड़ी में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया .नप अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं सीएमओ संतोष रघुवंशी के निर्देशानुसार वार्ड की सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कराई गई. साथ ही नर्मदा घाट की सफाई की गई .सफाई कार्य में नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं सहयोगी संस्था फीट बेक फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट के कर्मचारियों ने श्रमदान किया. नगर परिषद द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग करें तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें.



### ग्रामीणों ने की मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने की मांग

**जावर.** ग्राम उरली के ग्रामीणों ने मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने के लिए जनसुनवाई में गुहार लगाई है. ग्रामीणों ने बताया कि बाबा रामदेव का मंदिरके लिए ग्राम पंचायत द्वारा जमीन दी है. मंदिर की जगह पर गांव के दबंग ने कब्जा कर रखा है. मंदिर समिति द्वारा अतिक्रमण का विरोध करने पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है. बीते दिनों जावर नायब तहसीलदार और पटवारी ने अतिक्रमणकारी को बेदखल कर कब्जा समिति को सौंप दिया था. इसके बाद फिर से अतिक्रमणकारी ने मंदिर परिसर में तार फेंसिंग करा दी. अतिक्रमण हटाने की मांग करने वालों में बसपा नेता अनोखीलाल मालवीय, मेहरबान सिंह, मानसिंह, पूरन सिंह, सुरेंद्र सिंह, धमेंद्र सिंह, लाड़ सिंह, अर्जुन सिंह, हरनाथ सिंह, रंजीत सिंह, जगन्नाथ सिंह, जीवन सिंह, सिद्दूलाल, राजेंद्र सिंह आदि ग्रामीण शामिल थे.



### मंदिर में जाने से पूर्व अंहकार को बाहर छोड़ें : गोविंद जाने

**आष्टा.** नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवे दिन कथा व्यास गोविन्द जाने गुरुदेव ने अपने अमृत वचनों से श्रद्धालुओं को जीवन में प्रेम, सद्गुण और संस्कार अपनाने का संदेश दिया .गुरुदेव ने कहा कि जब भी मंदिर जाएं तो अपने भीतर के क्रोध, मोह और अहंकार को शरीर रूपी घाट के बाहर छोड़कर जाएं. अहंकार से बनी दोस्ती अधिक समय तक नहीं टिकती, जबकि प्रेमभाव से बनी मित्रता सदा बनी रहती है. इस अवसर पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक चिंतामणि मालवीय, देवनखेड़ी सरकार, अनार सिंह पड़ियार, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, रूपेश राठौर, संयोजक मनोज नागर, जगदीश चौहान, बंटी मेवाड़ा, तेज सिंह राठौर, चेतन ठाकुर, जुगल पटेल, राजा मेवाड़ा, नानूराम मेवाड़ा, शैलेंद्र राजपूत, चेतन वर्मा, चंदर ठेकेदार, जितेंद्र सितोलिया, धीरज पटेल, रघुवीर चौहान, मयूर नागर, संध्या बजाज, भगवती सोनी, मंजू राठौर, भगवत सिंह मेवाड़ा आदि मौजूद थे.




### जनसुनवाई में 38 आवेदकों ने बताईं समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिले भर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. इसके अलावा जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

# छतरपुर में हाई वोल्टेज पारिवारिक विवाद

## बहू ने ससुराल पहुंचकर किया हंगामा, दहेज की बाइक ले जाने का आरोप

**छतरपुर,6 जनवरी.** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत नए चंद्रपुरा इलाके में पारिवारिक विवाद उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब एक विवाहिता अपने मायके पक्ष के लोगों के साथ ससुराल पहुंची और वहां जमकर हंगामा हुआ. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामला और तूल पकड़ता नजर आ रहा है.



प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशनी कुशवाहा का विवाह लक्ष्मण कुशवाहा से 4 मार्च 2024 को हुआ था. शादी के बाद दोनों पति-पत्नी करीब 10 माह तक साथ रहे, लेकिन आपसी और पारिवारिक मतभेदों के चलते 27 दिसंबर 2024 को रोशनी मायके चली गई थी. इसके बाद वह ससुराल वापस नहीं लौटी. बताया जा रहा है कि 2 जनवरी 2026 को रोशनी अपने पिता किशनलाल कुशवाहा और अन्य परिजनों के साथ दो बाइकों से ससुराल पहुंची. वहां किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया, जो कथित रूप से हाथापाई में बदल गया. आरोप है कि इस दौरान सास-ससुर के साथ मारपीट की गई. इतना ही नहीं, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शादी में दहेज के रूप में दी गई मोटरसाइकिल को बिना चाबी ही दूसरी बाइक से रस्सी के सहारे बांधकर जबरन अपने साथ ले जाया गया. घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया. पीड़ित लक्ष्मण कुशवाहा ने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए दोनों पक्षों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है. पुलिस का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.



# दो ट्रकों की भिड़ंत

## घने कोहरे के कारण हादसा, चालक गंभीर

**छतरपुर, 6 जनवरी.** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अटरा सरकार के समीप मंगलवार सुबह घने कोहरे के चलते एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. सुबह लगभग 9 बजे कम दृश्यता के कारण दो ट्रक आपस में टकरा गए, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई.

टक्कर इतनी तेज थी कि एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराया. इस दुर्घटना में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और गढ़ीमलहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई. पुलिस की प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का मुख्य कारण घना कोहरा और कम दृश्यता बताया जा रहा है. मामले की जांच जारी है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.

### दो बेटियों का हुआ स्टेट प्रतियोगिता में चयन

**सीहोर.** रीवा में होने वाली स्टेट फुटबाल प्रतियोगिता में शहर की दो बेटियों का चयन किया गया है. दोनों खिलाड़ियों को जिला फुटबाल एसोसिएशन के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने रवाना किया. कॉलेज की फुटबॉल खिलाड़ी मुस्कान मांझी और दिशा गौर स्टेट प्रतियोगिता के लिए चुनी गई हैं. भोपाल बरकतुल्लाह टीम से प्रतिनिधित्व करने रवाना हुई है. जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मुस्कान और दिशा गौर स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता खेलेंगी.


# खजुराहो में इस सीजन की सबसे सर्द रात

**छतरपुर, 6 जनवरी.** जिले के पर्यटन नगरी खजुराहो में मंगलवार को इस सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार सोमवार और

**तापमान 4 .4 डिग्री पर पहुंचा**

मंगलवार की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान गिरकर 4.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसे मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे रिकॉर्ड किया गया. तापमान में आई इस तेज गिरावट के बाद पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड का असर देखने को मिला.

पिछले कुछ दिनों की तुलना में ठंड और अधिक बढ़ गई है. मौसम विभाग का कहना है कि आसमान साफ रहने और उत्तर दिशा से ठंडी हवाओं के प्रभाव के चलते आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है. अगले 2 से 3 दिनों तक खजुराहो सहित आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई गई है, जबकि 15 जनवरी तक ठंड का प्रकोप बना रह सकता है. मंगलवार सुबह खजुराहो में



घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई. कई क्षेत्रों में विजिबिलिटी घटकर मात्र 12 से 15 मीटर तक रह गई. कोहरे के कारण सुबह के समय आमजन को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, वहीं पर्यटक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं. मौसम विभाग के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे के बाद ही सूरज निकलने की संभावना है.

मौसम विभाग ने बताया कि दिन का अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है. इस दौरान हवा में नमी का स्तर 100 प्रतिशत तक दर्ज किया गया. बढ़ती ठंड और घने कोहरे को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है.




# राहत राशि में गड़बड़ी का आरोप

**छतरपुर, 6 जनवरी.** छतरपुर तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत राशि वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने अपने मुंह पर काली पट्टी बांधकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और न्याय की मांग की.

यह प्रदर्शन दोपहर करीब 12:30 बजे आयोजित जनसुनवाई के दौरान किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए.

**ग्रामीणों ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन**

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आपदा राहत एवं अन्य शासकीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली राशि में भारी गड़बड़ी हुई है. कई पात्र हितग्राहियों को या तो पूरी राशि नहीं मिली या फिर उन्हें सूची से बाहर कर दिया गया. ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें की गई थीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. उन्होंने प्रशासन को सौंपे गए लिखित आवेदन में आरोप लगाया कि कुछ जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही अथवा आपसी मिलीभगत के कारण उन्हें समय पर राहत नहीं मिल सकी. ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही राहत राशि में हुई गड़बड़ी की जांच कर न्याय नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे. वहीं जनसुनवाई में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त करने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए, लेकिन उन्होंने अपनी मांगों पर अड़े रहने की बात कही.

# छतरपुर में ठंड के बीच यूरिया संकट

## खाद के लिए लाइन में जूझते किसान

**छतरपुर,6 जनवरी. जिले में कड़ाके की ठंड के बीच किसानों को यूरिया खाद के गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है. जिले के अधिकांश गोदामों और विपणन संघों में यूरिया का स्टॉक पूरी तरह समाप्त हो चुका है, जिससे किसानों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है.**

सुबह से ही किसान ठंड में खाद केंद्रों पर लाइन लगाकर खड़े नजर आ रहे हैं, लेकिन उन्हें यूरिया के स्थान पर वैकल्पिक खाद देकर लौटा दिया जा रहा है.

किसानों का कहना है कि इस समय रबी फसलों के लिए यूरिया की सबसे अधिक आवश्यकता होती है. समय पर खाद नहीं मिलने से गेहूं, चना और अन्य रबी फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है. कई किसानों ने बताया कि घंटों इंतजार करने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही, जिससे नाराजगी बढ़ती जा रही है.



### नीलबढ़ में फिर तेंदुए की मौजूदगी से दहशत

**नवभारत न्यूज**

सीहोर 06 जनवरी. समीपस्थ इछावर तहसील के ग्राम नीलबढ़ में जिले के इछावर क्षेत्र के नीलबड़ गांव में सोमवार देर रात एक तेंदुआ देखा गया. ग्रामीणों ने खेत पर तेंदुए को घूमते हुए देखा, जिससे उनमें डर का माहौल है. उन्होंने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी. जानकारी के अनुसार कुछ दिन बाद एक बार फिर गांव में तेंदुए की मौजूदगी देखी गई. कुछ ग्रामीणों ने तेंदुए का मोबाइल फोन से वीडियो भी बनाया.

# करंट की चपेट में आकर मजदूर झुलसा

**छतरपुर,6 जनवरी.** लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर डुमरा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान मंगलवार को एक गंभीर हादसा हो गया. निर्माण स्थल पर कार्यरत एक मजदूर अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई.

घायल मजदूर की पहचान संदीप कुशवाहा (19 वर्ष), निवासी पहरा, थाना कबरई, जिला महोबा के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार संदीप रेलवे ओवरब्रिज पर लेयर मशीन के माध्यम से सर्वे का कार्य कर रहा था. इसी दौरान वह अचानक विद्युत संपर्क में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लग गया और

**रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में हादसा**

वह गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के तुरंत बाद साथ काम कर रहे अन्य मजदूरों ने संदीप को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और प्राथमिक उपचार देने का प्रयास किया. इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है. डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है. घटना की सूचना मिलते ही लवकुशनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि दुर्घटना किन कारणों से हुई तथा क्या निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं. इस हादसे ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

# हाई स्कूल निर्माण को लेकर धरना प्रदर्शन जारी

**चंदला,6 जनवरी. गौरीहार जनपद के सरवई तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंहपुर के ग्रामीण विकास के मुद्दे को लेकर धरने पर बैठ गए हैं. मंगल सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में माध्यमिक विद्यालय के ग्राउंड पर ही हाई स्कूल का निर्माण किया जा रहा है, जबकि नियम अनुसार हाई स्कूल के लिए कम से कम 2.5 एकड़ भूमि आवश्यक है, जो वहाँ उपलब्ध नहीं है.**



ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के मैदान और पार्किंग की जगह पर निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जिससे बच्चों के खेल और अन्य सुविधाओं पर असर पड़ेगा. उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ.

मंगल सिंह ने बताया कि स्कूल के पास लगभग 1 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है, जिसे निर्माण के लिए प्रस्तावित किया जा सकता है, लेकिन सरपंच और अन्य स्थानीय अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की. इसी कारण वे धरने पर बैठे हैं और उनका कहना है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता, धरना जारी रहेगा. तहसीलदार नारायण कोरी ने 15 दिन में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि तब तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा. मंगल सिंह ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो वे छतरपुर कलेक्टर कार्यालय तक धरना देने को मजबूर होंगे और मामला और गंभीर रूप ले सकता है.

### कथा की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

**सीहोर.** कुबेरेश्वर धाम में आगामी फरवरी में शिव महापुराण कथा में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए कथा के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर बालागुरू के तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. व्यवस्था के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए.